M.A. (Hindi) (NEP Pattern) Semester-II

# S2MAHIN203 - Major DSE Paper-III - Adhunik Hindi Kavya-II

P. Pages : 3 GUG/S/25/15292

Time : Three Hours Max. Marks : 80

---

सुचनाएँ :- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्ही तीन** की व्याख्या कीजिए। **30**

1) मुर्च्छित थीं इन्द्रियों स्तब्ध जग,
जड़ - चेतन सब एकाकार
शून्य-विश्व के उर में केवल
साँसो का आना-जाना।

2) मंदिर में बैठकर प्राणायाम करना। इससे श्रेष्ठ रास्ते के काँटे उठाना।
दुखियों को प्रेम से पानी पीलाना। यह श्रेष्ठ तीरथ स्थान से ।
एक हाथ भर खोदना जमीन। यह है पूजा से बेहतर पूजन।
सैंकडों भाषणों से भी परिणाम। अधिक इसी का।
जिससें मिले श्रमिक को अन्न। वही है सबसे श्रेष्ठ कर्म।
न करे कोई कार्य समर्थन।
नाम बताकर गीता का।

3) कुछ कर्म देहेद्रियों के लिए कुछ मन से उपजाये।
कुछ कर्म उपजते रहे। विवेक वादी से उत्तम।
कुछ कर्म रहे खुद के लिए। कुछ कुटुम्ब के हित के लिए।
कुछ कर्म गाँव के लोगों के लिए। सेवा धर्म रूप।
अपने तन के लिए करते काम। यह कैसा हुआ महाधर्म
ये हैं सभी नित्यकर्म । सहजै होने वाले।।

4) शशि-किरणों से उतर-उतरकर,
भू पर कामरूप नभ-चर,
चूम नवल कलियों का मृदु-मुख
सिखा रहे थे मुसकाना।
स्नेह-हीन तारों के दीपक
श्वास शून्य थे तरू के पात,
विचर रहे थे स्वप्न अवनि में
तम ने था मंडप ताना।।

5) किंतु हम हैं द्वीप। हम धारा नहीं हैं।
स्थिर समर्पण है हमारा। हम सदा से द्वीप हैं स्रोतस्विनी के।
किंतु हम बहते नहीं हैं। क्योंकि बहना रेत होना है।
हम बहेंगे तो रहेंगे ही नहीं।
पैर उठायेंगे। प्लवन होगा। ढहेंगे। सहेंगे। बह जायेंगे।
और फिर हम चूर्ण होकर भी कभी क्या धार बन सकेंगे?
रेत बनकर हम सलिल को तनिक गँदला ही करेंगे।
अनुपयोगी ही बनायेंगे।

6) गगन में कर्फ्यू है
धरती पर चुपचाप ज़हरीली छिः थूः है।
पीपल के खाली पड़े घोंसलों में पक्षियों के,
पैठे हैं खाली हुए कारतूस।
गंजे-सिर चांद की सँवलायी किरनों के जासूस
साम-सूम नगर में धीरे-धीरे घूम-घाम
नगर के कोनों के तिकोनों में छिपे है ।
चांद की कनखियों की कोण-गामी किरणें
पीली-पीली रोशनी की, बिछाती है
अंधेरें में, पट्टियाँ।
देखती है नगर की ज़िंदगी का टूटा-फूटा
उदास प्रसार वह।

**2.** निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से **किंसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **10**

1) कामायनी महाकाव्य की विशेषताओं को विस्तार से लिखिए।

**अथवा**

2) 'सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि है'- इस कथन को सिध्द किजिए।

**3.** निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से **किन्ही पाँच** के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **20**

1) तुकडोजी महाराज ने ग्रामगीता के माध्यम से श्रम के महत्व पर बतलाए विचार लिखिए।

2) नदी के द्वीप कविता की विशेषता बतलाइए।

3) ओमप्रकाश वाल्मिकी की साहित्य साधना पर प्रकाश डालिए।

4) इडा सर्ग का सारांश संक्षिप्त में लिखिए।

5) 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' कविता का संदेश लिखिए।

6) नागार्जून का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

7) सर्वेश्वर दयाल का जीवन परिचय लिखिए।

**4.** निम्नलिखित सभी प्रश्नों के अति लघु उत्तर लिखिए। **10**

1) महीपसिंग की रचनाओं के नाम लिखिए।

2) मनु किसका प्रतीक है?

3) कवि पन्त प्रथम रश्मि कविता में किससे प्रश्न पूछ रहे है?

4) इकबालजी की साहित्यिक कृतियों के नाम लिखिए।

5) इडा को किसका प्रतीक कहा गया है?

**5.** निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर सही पर्याय चुनकर लिखिए। **10**

1) ग्राम गीता मुलत: किस भाषा में लिखी गई।

अ) उर्दू ब) मराठी

स) कन्नड द) संस्कृत

2) सुमित्रानंदन पंत की रचना है।

अ) विरह का जलजात ब) प्रथम रश्मि

स) अग्नि पथ द) चाँद का मुँह टेढ़ा है

3) 'कोई खतरा नहीं' कविता के कवि है।

अ) ओमप्रकाश वाल्मिकी ब) इकबाल

स) महीपसिंह द) नागार्जून

4) कुकुरमुत्ता में गुलाब किसका प्रतीक है?

अ) शोषित ब) पूँजीपति

स) अहं द) क्रोध

5) सरोजस्मृति निराला ने किसके निधन पर लिखी है।

अ) बेटा ब) बेटी

स) पत्नी द) माँ

6) तार सप्तक में कवियों की संख्या है।

अ) पाँच ब) सात

स) छ: द) आठ

7) नागार्जून का वास्तविक नाम क्या था?

अ) सुदर्शन मिश्रा ब) वैद्यनाथ मिश्रा

स) सुरेन्द्र मिश्रा द) रविन्द्र मिश्रा

8) शुभद्रा कुमारी चौहान की रचना है।

अ) मधुमय देश हमारा ब) झाँसी की रानी

स) युगधारा द) त्रिधारा

9) इडा के प्रदेश का नाम था।

अ) बनारस ब) सरस्वती

स) सारस्वत द) कोई नहीं

10) कामायनी में प्रधान रस है।

अ) श्रृंगार रस ब) शांत रस

स) करुण रस द) वात्सल्य रस

**********